खबरों में रहे स्टॉक

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज



डिजिटल परिवर्तन के लिए किंगफिशर पीएलसी के साथ साझेदारी का विस्तार

₹ 2,960.3 पिछला बंद भाव
₹ 2,969.0 आज का बंद भाव
0.3 % ▲

गोदरेज प्रॉपर्टीज



बेंगलूरु में सरजापुर रोड के निकट 26 एकड़ जमीन का अधिग्रहण

₹ 2,058.8 पिछला बंद भाव
₹ 2,135.0 आज का बंद भाव
3.7 % ▲

जिंदल स्टेनलेस



ओडिशा में नए वेट मिलिंग संयंत्र के साथ स्लैग प्रसंस्करण क्षमता दोगुनी की

₹ 775.8 पिछला बंद भाव
₹ 783.2 आज का बंद भाव
1.0 % ▲

भारती एयरटेल



एयरटेल क्लाउड को बढ़ाने के लिए आईबीएम संग रणनीतिक साझेदारी का ऐलान

₹ 1,946.2 पिछला बंद भाव
₹ 1,969.2 आज का बंद भाव
1.2 % ▲

एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया



सोडियम जिरकोनियम साइक्लोसिलिकेट पाउडर पेश किया

₹ 9,140.3 पिछला बंद भाव
₹ 9,177.8 आज का बंद भाव
0.4 % ▲

ह्युंडै भारत में करेगी 45 हजार करोड़ रुपये का निवेश

पृष्ठ 1 का शेष

ह्युंडै मोटर के प्रेसिडेंट और मुख्य कार्याधिकारी जोस मुनोज ने कहा, 'ईवी स्थानीयकरण के लिए पहला चरण हमारे चेन्नई प्लांट में स्थानीय असेंबली पर केंद्रित है और इस साल हम एक नया समर्पित ईवी लॉन्च करेंगे। हम इसी साल से स्थानीय रूप से असेंबल किए गए बैटरी पैक के साथ बैटरी प्लांट भी लगा रहे हैं। दूसरा चरण आपूर्ति श्रृंखला के स्थानीयकरण पर केंद्रित होगा। भारत में आत्मनिर्भर वाहन पारिस्थितिकी तंत्र बनाना हमारी प्रतिबद्धता है।'

ह्युंडै मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक उनसू किम ने कहा, 'हमने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही दो अंक में एबिटा मार्जिन भी बनाए रखेंगे।'

ह्युंडै मोटर इंडिया के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'कंपनी ने भारत-केंद्रित वाहन लाने के साथ ही घरेलू बाजार में 15 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी एसयूवी सेगमेंट में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए दृढ़ है और वित्त वर्ष 2030 तक कंपनी के पोर्टफोलियो में यूटिलिटी वाहन की हिस्सेदारी 80 फीसदी से अधिक होगी।'

भारत को निर्यात का केंद्र बनाएगी कंपनी

ह्युंडै वर्ष 2030 तक अपने कुल उत्पादन में से 30 फीसदी निर्यात करने की योजना के तहत भारत को निर्यात का प्रमुख अड्डा के रूप में विकसित करने पर विचार कर रही है। कंपनी कॉम्पैक्ट सिडैन और एसयूवी, माइल्ड हाइब्रिड और एंट्री-लेवल इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिये पश्चिम एशिया और अफ्रीका को 50 फीसदी निर्यात करने की योजना बना रही है, जबकि लगभग 40 फीसदी निर्यात मध्य और दक्षिण अमेरिका में और शेष 10 फीसदी एशिया प्रशांत क्षेत्र में होगा।

भारत संग द्विपक्षीय अधिकारों की कमी से चिंता नहीं: एतिहाद

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 15 अक्टूबर

और उड़ान की तैयारी

- एतिहाद एयरवेज के मुख्य कार्य अधिकारी एंटोनोआल्डो नेवेस ने कहा है कि हवाई यात्रा की मांग बढ़ रही है मगर बाजार में हवाई जहाज की उपलब्धता सीमित
- अनुमति मिले तो विमानन कंपनी 2026-27 में भारत के लिए और उड़ानें शुरू करने के लिए भी तैयार है
- भारत और अबू धाबी के बीच द्विपक्षीय वायु सेवा समझौते के तहत दोनों देशों की विमानन कंपनियां को हर हफ्ते 50 हजार सीटों की अनुमति है

अबू धाबी की विमानन कंपनी एतिहाद एयरवेज भारत के साथ अतिरिक्त द्विपक्षीय अधिकारों की कमी पर चिंतित नहीं है, क्योंकि वैश्विक हवाई यात्रा की मांग मजबूत है और विमानन कंपनी भारत के अलावा अन्य मार्गों पर अपने बेड़े तैनात कर रही है। यह बात कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी एंटोनोआल्डो नेवेस ने आज कही है। उन्होंने कहा कि अगर अनुमति मिले तो विमानन कंपनी 2026-27 में भारत के लिए और उड़ानें शुरू करने के लिए भी तैयार है।

उल्लेखनीय है कि भारत और अबू धाबी के बीच द्विपक्षीय हवा सेवा समझौते के तहत दोनों देशों की विमानन कंपनियां को हर हफ्ते 50 हजार सीटों की अनुमति है। भारतीय और अबू धाबी दोनों देशों की विमानन कंपनियों ने अपने आवंटन का पूरा उपयोग किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत और अबू धाबी के बीच द्विपक्षीय अधिकार बढ़ाने के वास्ते बातचीत शुरू हो गई है नेवेस ने कहा, 'बातचीत हमेशा चलती रहती है। दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध भी हैं।'

उन्होंने कहा, 'मैं द्विपक्षीय अधिकार बढ़ाने के मसले पर चिंतित नहीं हूं। मुझे लगता है कि यह किसी न किसी तरह हो ही जाएगा। अगर ऐसा होता है तो यह बहुत आसान है। इन मार्गों पर किराये बढ़ जाएंगे। ट्रैफिक नहीं बढ़ने वाली है हमें कोई दूसरा संतुलन तलाशना होगा। आप बाजार को नहीं मात दे सकते हैं।'

नेवेस ने कहा कि बाजार में विमानों की सीमित उपलब्धता पर चिंता है। वैश्विक हवाई यात्रा की मांग बढ़ रही है। इसलिए, उन्होंने कहा कि सवाल द्विपक्षीय अधिकार बढ़ाने का नहीं बल्कि भारत-अबू धाबी मार्गों पर तैनात करने के लिए पर्याप्त विमानों की उपलब्धता का है।

एयरबस और बोइंग दोनों ही आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिससे एतिहाद जैसी विमानन कंपनियों को चौड़े आकार वाले विमानों की आपूर्ति धीमी हो गई है। उन्होंने कहा, 'चौड़े आकार वाले विमानों के लिए चुनौतियां अधिक हैं। मुझे लगता है कि हमें यह मानकर काम करना होगा कि अगले पांच से दस साल तक स्थिति तंग रहेगी।' हालांकि, विमानों की आपूर्ति सीमित बनी हुई है लेकिन वैश्विक स्तर पर मांग ऊंची बनी हुई है। नेवेस ने कहा कि एतिहाद के लोड फैक्टर या ऑक्यूपेंसी दर लगभग 90 फीसदी हैं। दक्षिण पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप से आने-जाने वाली उड़ानें भी भारत के मार्गों के जैसे अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्री और राजस्व दोनों ही नजरिये एतिहाद के कुल कारोबारमें भारत का योगदान लगभग 20 फीसदी है।

सवाल जवाब

कभी भी 6 या 12 महीने की सोचकर काम नहीं करती ह्युंडै

ह्युंडै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने बुधवार को तरुण गर्ग को 1 जनवरी, 2026 से अपना अगला प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की। 1996 में कंपनी की स्थापना के बाद से गर्ग इस नेतृत्व की भूमिका निभाने वाले पहले भारतीय होंगे। वह अभी एचएमआईएल के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी हैं। सोहिनी दास के साथ बातचीत के मुख्य अंश...

आपकी अब तक की यात्रा कैसी रही है?
मेरे पिता एक गणितज्ञ और एक प्रसिद्ध लेखक थे। घर में अनुशासन बहुत अच्छा था और मैं एक अच्छा छात्र था। मेरी इंजीनियरिंग भी अच्छी रही और उसके बाद मैंने एमबीए भी किया। फिर मैं 26 साल तक मारुति सुजूकी इंडिया में रहा और हर 3-4 साल में मुझे एक नया काम मिलता रहा। मैंने लॉजिस्टिक्स से शुरुआत की और जब आप निचले स्तर से शुरुआत करते हैं तो आपके अंदर कोई अहंकार नहीं होता, इसलिए इससे मुझे आम लोगों का आदमी बनने में मदद मिली। मैं इस क्षेत्र में रहा हूं, बिक्री में, विपणन में, स्पेयर पार्ट्स में, लॉजिस्टिक्स में, मुझे हर भूमिका का अनुभव मिला। इसका फायदा यह हुआ कि जब मैं ह्युंडै में बिक्री और विपणन निदेशक के रूप में शामिल हुआ और दो महीने के भीतर ही कोविड-19 महामारी फैल गई तो मेरे सामने चुनौतियों खड़ी हो गई, जिसका मैंने सामना किया। उस साल (2020) ह्युंडै की अपने इतिहास में अब तक की सबसे अधिक बाजार हिस्सेदारी थी और एसयूवी का पूरा खेल बदल गया।

आप वॉल्यूम पर ध्यान केंद्रित करेंगे या लाभ पर?
वॉल्यूम और मुनाफे में संतुलन बनाना जरूरी है और इस दृष्टिकोण ने वास्तव में हमारी मदद की है। और निश्चित रूप से आईपीओ सबसे बड़ी बात थी और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे इसमें प्रमुख भूमिका निभाने का अवसर मिला। एक सूचीबद्ध कंपनी होने के नाते हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम वॉल्यूम और लाभप्रदता के बीच संतुलन बनाए रखें और इसी तरह घरेलू और निर्यात के बीच भी संतुलन रखें।

आप ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में कार्यभार संभाल रहे हैं जब प्रतिस्पर्धा के कारण आपकी बाजार हिस्सेदारी खतरे में है। नए उत्पाद आने से पहले आपकी अल्पकालिक से मध्यम अवधि की रणनीति क्या होगी?
पहला भारतीय एमडी और सीईओ बनना बहुत गर्व की बात है, साथ ही एक बड़ी जिम्मेदारी भी। मुझे लगता है कि यह भारत में ह्युंडै की वृद्धि के अगले चरण की शुरुआत है। इसकी खूबसूरती यह है कि जितना ज्यादा आपको प्रेरित किया जाता है और चुनौती दी जाती है, उतना ही बेहतर परिणाम सामने आते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे पास जिस तरह की टीम है और हमारे पास जो बुनियादी सिद्धांत हैं, उनके साथ हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमने आज नई वेन्यू की घोषणा की है और इस सेगमेंट (सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी) को नई जीएसटी व्यवस्था से सबसे ज्यादा फायदा हो रहा है। पुणे प्लांट बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। इस क्षमता के साथ आप ज्यादा से ज्यादा मॉडल आते देखेंगे।

2030 तक निर्यात वृद्धि के साथ-साथ 15 फीसदी घरेलू बाजार हिस्सेदारी का लक्ष्य रखते हुए आपको कितनी जल्दी एक नए संयंत्र की आवश्यकता होगी?
हम आकलन करते रहते हैं और साथ ही हम बाधाओं को दूर करने में भी बहुत अच्छे हैं। जब चेन्नई प्लांट शुरू हुआ था तब इसकी क्षमता 680,000 यूनिट सालाना थी और अब यह 824,000 यूनिट है।

कोगटा फाइनेंशियल इंडिया लिमिटेड
CIN No. U67120RJ1996PLC011406, पंजीकृत कार्यालय : कोगटा फाइनेंसियल (इण्डिया) लिमिटेड गोपालबाड़ी, अजमेर पुलिया के पास, मेट्रो पिलर नंबर 143, जयपुर- 302001, राजस्थान, भारत

परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) व (9) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और (9) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार/बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा कोगटा फाइनेंशियल (इंडिया) लिमिटेड, इसके बाद कोगटा के रूप में संदर्भित, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, प्रतिभूत परिसंपत्तियों को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित कोगटा अर्थात प्रतिभूत ऋणदाता के बकाये राशि, आगे ब्याज, लागत, शुल्क और व्यय की वसूली के लिए नीलामी के माध्यम से ''जैसा है जहां है'', ''जो है यही है'' और ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर बेचा जाएगा। आपको सूचित किया जाता है कि हम सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

खाता सं. तथा कर्जदार/सह-कर्जदार/बंधककर्ता/जमानती का नाम	13(2) के तहत मांग सूचना के अनुसार तिथि एवं राशि तथा भौतिक कब्जे की तिथि	सम्पत्ति/सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि तथा बोली वृद्धि राशि (रु. में)	नीलामी की तिथि तथा समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, बोली तथा दस्तावेज जमा करने का स्थान, निरीक्षण की तिथि
0000360580 श्रीमती पूजा जयसवाल पत्नी श्री विनय जयसवाल (आवेदक/बंधककर्ता) लक्ष्य अगरबत्ती जरिए प्रोपराइटर श्रीमती पूजा जयसवाल, श्री विनय जयसवाल पुत्र श्री रमेश कुमार जयसवाल (सह-आवेदक)	13 (2) सूचना निर्गमन की तिथि 25.07.2024 रु. 29,95,674/- (रुपये उनतीस लाख पिच्चानवे हजार छह सौ चौहत्तर मात्र) तिथि 11.07.2024 तक भौतिक कब्जा 09 सितम्बर, 2025 को लिया गया	सभी अभिन्न अंग व पार्सल संपत्ति मकान नं. 8/2 स्थित सत्य साई बाग कॉलोनी, इंदौर, मध्य प्रदेश मकान के भूतल का क्षेत्रफल, पूर्व से पश्चिम तक 13 फीट चौड़ा व उत्तर से दक्षिण तक 35 फीट चौड़ा है, इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 465 वर्ग फीट यानी 43.21 वर्ग मीटर है मकान का भूतल 400 वर्ग फीट यानी 37.17 वर्ग मीटर का है जिसमें एक हॉल, एक कमरा व रसोई और बाथरूम का निर्माण किया गया है व पहली मंजिल पर 400 वर्ग फीट यानी 37.17 वर्ग मीटर का क्षेत्रफल है जिसमें एक हॉल, एक कमरा, रसोई व बाथरूम का निर्माण किया गया है। शेष क्षेत्र खाली है मकान का भूतल व पहला तल आरसीसी का उपयोग करके बनाया गया है। उक्त मकान का उपयोग आवासीय उद्देश्य के लिए किया जा रहा है जो की श्रीमती पूजा जयसवाल पत्नी श्री विनय जयसवाल के स्वामित्व में है तथा यह उप पंजीयक कार्यालय इंदौर 4, मध्य प्रदेश के समक्ष दिनांक 30.12.2017 को पंजीकृत है। सीमा इस प्रकार है : पूर्व रेवालाल जयसवाल का मकान, पश्चिमः उर्मिला जयसवाल का मकान, उत्तर : मुख्य सड़क, दक्षिण : गली	**आरक्षित मूल्य :** रु. 30,30,000 (रुपये तीस लाख तीस हजार मात्र) **ईएमडी मूल्य :** रु. 303000/- (रुपये तीन लाख तीन हजार मात्र) **बोली वृद्धि राशि :** रु. 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र)	निविदा दिनांक - 26.11.2025 **बोली जमा करने की अंतिम तिथि** 25.11.2025 को 05.00 बजे अप. तक **कोगटा फाइनेंशियल (इंडिया) लिमिटेडः** 6वीं मंजिल धन ट्राइडेंट गेट नंबर 3 व 4 पीयू/4 स्कीम नं. 54 विजय नगर चौराहे के पास इंदौर 452010 ई-मेल आईडीः nitin.silodiya@kogta.in एवं shyam.dadhich@kogta.in निरीक्षण की तिथि 24.11.2025 (11:00 बजे से 05:00 बजे तक)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8 (6) और (9) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

नीलामी बिक्री की अन्य शर्तें: 1. संपत्तियों को ''जैसा है जहां है'', ''जो है यही है'' और ''जो कुछ भी है वहीं है'' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत संपत्तियों का विवरण दिया गया है। प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. सुरक्षित परिसंपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। नीलामी बिक्री निर्धारित समय पर तथा **6वीं मंजिल धन ट्राइडेंट गेट नंबर 3 व 4 पीयू/4 स्कीम नं. 54 विजय नगर चौराहे के पास इंदौर 452010** में आयोजित की जाएगी। 4. बोलीदाताओं को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने और नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के लिए बिक्री की इस उद्घोषणा (पीओएस) में उल्लिखित विस्तृत नियमों और शर्तों को पढ़ लें और या **श्री नितिन सिलोदिया मोबाइल नंबर 9907892545 और श्री श्याम दाधीच मोबाइल नंबर 8233031000** से संपर्क करें, या सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट https://kogta-in/media&center/property Auction/ पर जाएं। 5. इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी 'कोगटा फाइनेंशियल (इंडिया) लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ''इंदौर'' में देय जमा करनी होगी। ड्राफ्ट सहकारी बैंक का नहीं होना चाहिए। 6. इसके बाद, ईएमडी जमा करने पर, बोलीदाताओं को जमा करना होगा 1. ईएमडी जमा करने का प्रमाण 2. आईडी प्रमाण, यानी पैनकार्ड, आधार कार्ड, आदि। 3. आवासीय पते का प्रमाण, 4. (ए) बोलीदाता का नाम (बी) मोबाइल नंबर/संपर्क नंबर (सी) पता (डी) ई-मेल पता (5) कुछ अन्य प्रतिनिधियों के माध्यम से उपस्थित होने वाले बोलीदाताओं को बोली लगाने के लिए उचित अधिदेश भी प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा अनुमति नहीं दी जाएगी, और इन दस्तावेजों की स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी प्राधिकृत अधिकारी को, लिफाफे में लिफाफे में ऊपर उल्लिखित शाखा के पते पर भेजें, जिस पर 'खाता - **श्रीमती पूजा जयसवाल** में बोली' लिखा हो, भी जमा करना होगा।

ऋणकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी की तिथि से पहले उपर्युक्त राशि, साथ ही वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करें, अन्यथा संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांकः 15 अक्टूबर, 2025 स्थानः इंदौर प्राधिकृत अधिकारी, कोगटा फाइनेंशियल (इंडिया) लिमिटेड

मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड
पूर्व में मणप्पुरम होम फाइनैंस प्रा. लि.
CIN: U65923K12010PIC039179, यूनिट 301-315, तीसरी मंजिल, ए विंग, कनकिया वॉल स्ट्रीट, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400093,

कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, **मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड ("MAHOFIN")** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन *[अधिनियम], 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के तहत एक **मांग नोटिस** जारी की थी, जिसमें कर्जदारों तथा सह-कर्जदारों को इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर सूचना में उल्लेखित रकम के साथ उस पर ब्याज की रकम चुकता करने को कहा गया था। कर्जदार द्वारा रकम चुकता करने में विफल होने के कारण, एतद्द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित *[अधिनियम] की धारा 13(4) के साथ पठित कथित नियमों के नियम 9 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के तहत यहां नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर **प्रतीकात्मक कब्जा** कर लिया है। एतद्द्वारा विशेष रूप से कर्जदार तथा आम तौर पर जनसाधारण को संबंधित सम्पत्ति के संबंध में कोई भी सौदा नहीं करने हेतु सतर्क किया जाता है तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी सौदा प्रत्येक संबंधित सम्पत्तियों के समक्ष नीचे उल्लेखित रकम के लिए मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड के प्रभार का विषय होगाः

क्र. सं.	कर्जदार तथा सह-कर्जदार का नाम तथा ऋण खाता संख्या/शाखा	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति जिसके लिए हित किया गया है, का विवरण	भेजी मांग नोटिस की तारीख एवं बकाया रकम	कब्जा की तारीख
1	अन्नू बाई, प्रह्लाद/ MHL00550038251/ यशवंत निवास इंदौर	मकान सं. 10/01, पी.एच. सं. 67, सर्वे सं. 185, ग्राम बमोरी, ग्राम पंचायत बांदा, तहसील घटिया, जिला उज्जैन, म. प्र. पिन कोड सं. 456550 कुल क्षेत्रफलः- 440 वर्ग फीट, पूर्व-सरदार सिंह का मकान, पश्चिम-जीतेन्द्र का मकान, दक्षिण-सड़क, उत्तर-सज्जन सिंह का मकान।	11-07-2025 एवं रु. 374908/-	13-10- 2025
2	कविता, अनिल/ MHL00550029541/ यशवंत निवास इंदौर	मकान सं. 08, वार्ड सं. 06, पी.एच. सं. 37, ग्राम पानपत, ग्राम पंचायत सिन्द्रानी, तहसील सतवास, जिला देवास, मध्य प्रदेश। पिन कोड सं. 455459। कुल क्षेत्रफलः- 958.8 वर्ग फीट। पूर्व-रमेश का मकान, पश्चिम-ऑफिसियल सड़क, दक्षिण-सड़क, उत्तर-सड़क।	11-07-2025 एवं रु. 419040/-	13-10- 2025
3	रीतू भाटिया, मनोज भाटिया/ MHL00550011055/ यशवंत निवास इंदौर	कुल क्षेत्रफल - 1064 वर्ग फीट, मकान सं. 12, पी.एच. सं. 67, सर्वे सं. 185, ग्राम बमबोरी, ग्राम पंचायत बनादा, तहसील गटिया, जिला उज्जैन, म.प्र.:- 456550। पूर्व-बाबूलाल जी का मकान, पश्चिम-राजेश का मकान एवं सड़क, दक्षिण-कमल का मकान, उत्तर-सड़क।	17-07-2025 एवं रु. 327216/-	13-10- 2025
4	विमला बाई, जमना प्रसाद, पावर्ती बाई खंडेलवाल/ MHL00550014980/ यशवंत निवास इंदौर	पी.एच. सं. 72, वार्ड सं. 06, सरल सं. 118, ग्राम बीजलगाँव तहसील खातेगाँव जिला देवास, म.प्र. कुल क्षेत्रफल 702 वर्ग फीट, पिन सं. 455339 पर स्थित मकान। पूर्व-रामदास खंडेलवाल का मकान, पश्चिम-सरकारी सड़क, दक्षिण-संजू खंडेलवाल का मकान, उत्तर-राम निवास का मकान।	17-07-2025 एवं रु. 404562/-	13-10- 2025
5	दीक्षा अहिरवार, कोमल चंद अहिरवार/ MHL00990020600/ सागर	मौजा बमोहरी कला पटवारी हल्का सं. 03 आर.आई. सर्कल बराना ग्राम पंचायत मालिकाना प्रमाणपत्र अबादी सं. 02 तहसील पलेरा जिला टिकमगढ़ (म.प्र.), क्षेत्र का परिमाप 1500 वर्ग फीट, मध्य प्रदेश, पिन कोडः 472118 में स्थित भूमि। पूर्व-मुकेश अहिरवार का मकान, पश्चिम-मिछू जमादार का प्लॉट एवं नवल अहिरवार का मकान, दक्षिण-पप्पू का मकान, उत्तर-सी.सी. सड़क।	17-07-2025 एवं रु. 483264/-	13-10- 2025

स्थानः मध्यप्रदेश, तारीखः 16-10-2025 हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, मणप्पुरम होम फाइनैंस लि.

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट-IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई-नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई-नीलामी सूचना
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन नं. 011-23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय : भूतल, प्लॉट सं.02, ग्रेटर वैशाली कॉलोनी, गोपर स्क्वेयर, इंदौर - 452009, मध्य प्रदेश
शाखा कार्यालय : दूसरा तल, 131/8, मैन रोड, झोन 2, एम पी नगर, झूमरवाला के पास, भोपाल-462011, मध्य प्रदेश

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर-ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर-डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर-सी में वर्णित है) को मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल)/प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार'' पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम-8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया जा सकता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएनबीएचएफएल), प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com में दिए गए लिंक

ऋण सं./उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A)	मांग राशि और दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%) (F)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक (G)	बोली वृद्धि मूल्य (H)	निरीक्षण की दिनांक और समय (I)	नीलामी की दिनांक और समय (J)	ज्ञात ऋण भार/न्यायालय मुकदमा अगर कोई है
NHL/IND/0617/396618 राकेश नागर/ मालती नागर शाखा : इंदौर	रुपये 11155503.76 दि.16.02.2023	भौतिक कब्जा	फ्लैट सं. 102, सांघी प्लाजा, 39 जेल रोड गली सं. 2, इंदौर, इंदौर, मध्य प्रदेश-452009, इंदौर, भारत (900वर्ग फुट निर्माण)	रु. 1690000	रु. 169000	30.10.2025	रु. 10,000/-	25.10.2025 दोप. 12:00 बजे से अपराह्न 04:00	31.10.2025 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न03:00 बजे	ज्ञात नहीं
HOU/BHO/0623/1128481 विशाल जोशी/ बृजेश जोशी शाखा : भोपाल	रुपये 1625422 दिनांक 16.12.2024 तक	भौतिक कब्जा	एफएफ 07 प्रथम तल, गैलेक्सी सिटी, फेज 2, खसरा सं. 72, 76, 268/269/270/2, 208/209/270/1 से 81, ग्राम अमरावद खुर्द, पी एत सं. 19/32, तहसील हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश-462022, भारत	रु. 1400000	रु. 140000	30.10.2025	रु. 10,000/-	23.10.2025 दोप. 12:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे	31.10.2025 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न03:00 बजे	ज्ञात नहीं
HOU/BHO/0117/345710 संदीप शर्मा/घनश्याम शर्मा शाखा : भोपाल	रुपये 2130500.17 दि.16.05.2024	भौतिक कब्जा	508, पार्क सेरेन, ओरीयन 1, ग्राम संखेड़ी, कोलाप रोड, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462042	रु. 1530000	रु. 153000	30.10.2025	रु. 10,000/-	27.10.2025 दोप. 12:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे	31.10.2025 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न03:00 बजे	ज्ञात नहीं

*आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर-के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।
(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। (2) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ-साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3) कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति फिर से बेचा जाएगा। (4) मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेब साइट-www.bankeauctions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक लोधा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।

स्थान : मध्य प्रदेश दिनांक : 16.10.2025 हस्त./- प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Bandhan Bank रीजनल ऑफिसः नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा। सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं.	बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां)	मांगपत्र की तिथि	सांकेतिक कब्जे की तिथि	कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक
श्री सुमित गजारिया श्रीमती रेखा गजारिया 20008340001901	सभी चल और अचल संपत्ति, जो सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाएँ सहित मौजा खेड़ी महमूदाबाद, पीएच नंबर 09, वार्ड नंबर 16, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, चंदर सराफ की बाड़ी, हरदा तहसील एवं जिला. हरदा मध्य प्रदेश - 461331, कुल भूमि माप क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: राजू जाट की संपत्ति, पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम: गोहा, दक्षिण: शारदा बाई की संपत्ति	जनवरी 8, 2025	अक्टूबर 10, 2025	रु.3,80,568.11
श्री किशोर पथ श्री जितेंद्र दरबार श्रीमती सरोज पथ 20008340000933	सभी चल और अचल संपत्ति, जो सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाएँ सहित ग्राम हरदा खास, प्लॉट संख्या 170, साईं आर्य कॉलोनी, शहीद दीप सिंह चौहान वार्ड 32, पीएच.सं. 10 पर, तहसील और जिला हरदा, मध्य प्रदेश - 461331, कुल भूमि क्षेत्रफल 640 वर्ग फुट स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: कॉलोनी का प्लॉट संख्या 169, पूर्व: कॉलोनी का प्लॉट संख्या 183, पश्चिम: निस्तारी रास्ता, दक्षिण: कॉलोनी का प्लॉट संख्या 171	अप्रैल 25, 2025	अक्टूबर 10, 2025	रु.9,83,512.73
श्री शंकर लाल श्रीमती सुनीता बघेल 20008340001493	सभी चल और अचल संपत्ति, जो सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाएँ सहित सर्वे संख्या 20/35, 20/36, 20/37, पटवारी हल्का संख्या 10, क्षेत्रफल 1150 वर्ग फुट वीर दुर्गादास राठौर वार्ड, वार्ड संख्या 34, कुलहरदा, हरदा, मध्य प्रदेश 461331 स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: तुलसीराम की संपत्ति, पूर्व: आत्माराम मंसारे की संपत्ति, पश्चिम: निस्तारी रास्ता, दक्षिण: सुंदर लाल की संपत्ति	अप्रैल 22, 2025	अक्टूबर 10, 2025	रु.10,41,151.34
श्री अशोक जाट श्रीमती अनीता जाट 20008340001947	सभी चल और अचल संपत्ति, जो सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाएँ सहित पीएच नं. 09, केएच. क्रमांक 122/20, खंडवा बायपास रोड, चन्द्रशेखर वार्ड क्रमांक 02 हरदा मध्य प्रदेश - 461331 स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: कृष्ण कुमार की संपत्ति, पूर्व: श्री अशोक कुमार की संपत्ति, पश्चिम: निस्तारी रास्ता, दक्षिण: श्री चंद्रा प्रकाश की संपत्ति	मार्च, 31, 2025	अक्टूबर 10, 2025	रु.14,39,089.48
श्री अमित कौरव श्रीमती नेहा कौरव 20008080003998	सभी चल और अचल संपत्ति, जो सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाएँ सहित सर्वे नंबर 213/2, पीजी कॉलेज के पीछे, एनबी-36, पीएच-17, मौजा कंदेली, राजीव वार्ड, तहसील नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश-487001 स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: विक्रेता भूमि, पूर्व: खसरा नंबर 213/3, पश्चिम: सड़क, दक्षिण: विक्रेता भूमि	जून 24, 2025	अक्टूबर 10, 2025	रु.5,76,563.54

स्थानः हरदा-नरसिंहपुर
तारीखः अक्टूबर 16, 2025
प्राधिकृत अधिकारी बंधन बैंक लिमिटेड

भोपाल संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं